दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-64 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 16 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


### बापू की बातें



जब तक बालकों की शिक्षा का संबंध उनके वातावरण से नहीं जुड़ेगा तब तक समाज पर शिक्षा का पूरा अथवा अच्छा असर नहीं पड़ेगा। जहाँ समुद्र न हो, ऐसे प्रदेश में रहने वाले लोगों को समुद्र-संबंधी शिक्षा दी जाए तो उस प्रदेश को उसका कोई लाभ न मिलेगा, और इस कारण वह व्यर्थ जाएगी। शहर के बालकों की शिक्षा व्यर्थ हो तो उससे मुख्य हानि शहरों की ही होगी, लेकिन करोड़ों खेतिहरों के बालकों की शिक्षा व्यर्थ होगी तो सारा भारत तबाह हो जाएगा।

(26.04.1925 : नवजीवन में प्रकाशित लेख गुजरात की सड़कें का अंश : सं.गां.वां. खंड 26 : पृष्ठ 540)

# बिहार की राजनीति में जुड़ा नया अध्याय

## 75 साल में पहली बार बना BJP का CM; सम्राट चौधरी ने ली शपथ



पटना (ए.)- पटना के लोकभवन में बुधवार सुबह एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब सम्राट चौधरी ने बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह 75 साल में पहली बार है जब भारतीय जनता पार्टी का कोई नेता बिहार में मुख्यमंत्री बना है।सम्राट चौधरी के साथ जेडीयू कोटे से विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। फिलहाल केवल इन तीन नेताओं ने ही शपथ ली है, जबकि नई एनडीए सरकार के गठन के बावजूद कैबिनेट में अभी 33 मंत्री पद खाली हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, चिराग पासवान और जीतन राम मांझी शामिल थे।इससे पहले नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सम्राट चौधरी, जो महज 9 साल पहले बीजेपी में शामिल हुए थे, एक मुखर और आक्रामक नेता के रूप में जाने जाते हैं। उनका राजनीतिक सफर 26 साल पहले विधायक बनने से शुरू हुआ। इसके बाद वे 2024 में उपमुख्यमंत्री बने और 2025 में बीजेपी की प्रचंड जीत के बाद दोबारा इस पद की जिम्मेदारी संभाली।

### मजदूरों का आंदोलनः ट्रेड यूनियनों ने आज देश भर में विरोध प्रदर्शन का किया आह्वान

नई दिल्ली(आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मजदूरों की बढ़ती नाराजगी के बीच, सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस ने गुरुवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है. इसमें मजदूरों से अपील की गई है कि वे इंडस्ट्रियल एरिया और फैक्ट्री इकाइयों में चल रही हड़तालों के साथ एकजुटता दिखाएं.ट्रेड यूनियन का यह आह्वान ऐसे समय में आया है जब मजदूरों की हालत, मजदूरी और नौकरी की सुरक्षा को लेकर नाराजगी बढ़ रही है, और कई मजदूर ग्रुप पहले से ही प्रदर्शन कर रहे हैं.



नागपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दीक्षांत समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।

## हम देश को मातृसत्ता से जोड़ रहे हैं - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण का नया युग हो रहा है आरंभ**



भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनौतीपूर्ण कार्यों को पूरा करते हुए मध्यप्रदेश सहित देश को सशक्त बनाया है। उन्होंने असंभव को संभव कर दिखाया है। हम देश को मातृसत्ता से जोड़ रहे हैं। गुरुवार 16 अप्रैल 2026 महिला सशक्तिकरण की मंगलमय तारीख होगी। देश की विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का विषय आएगा तो वह समय देश में होली-दीवाली एक साथ मनाने जैसा होगा। शासन के सूत्र जब बहनों के हाथ में आते हैं तो संवेदनशीलता से परिपूर्ण कितने नवाचार किए जा सकते हैं, इसके कई उत्कृष्ट उदाहरण हमारे सामने हैं। मध्यप्रदेश रानी दुर्गावती की धरती है। राज्य सरकार ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई। उनकी शासन व्यवस्था में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बलबूते पर काशी में बाबा विश्वनाथ का धाम बनाया।

## मध्यप्रदेश- 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, छात्राओं ने फिर मारी बाजी

**प्रतिभा सिंह सोलंकी ने हाईस्कूल में टॉप किया. छात्राओं का दबदबा कायम**



भोपाल (निप्र) मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रिजल्ट जारी किया. इस बार भी दोनों परीक्षाओं में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. 12वीं का परिणाम पिछले 16 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा.हाईस्कूल परीक्षा में पन्ना जिले के गुनौर स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर की छात्रा प्रतिभा सिंह सोलंकी ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर टॉप किया. वहीं हायर सेकेंडरी के वाणिज्य समूह में खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा ने 500 में से 494 अंक हासिल कर मेरिट में स्थान पाया।







# ग्वालियरः जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन शुरू, पहले दिन 16 किसानों से हुई 690 क्विंटल गेहूँ की खरीदी

## – व्यवस्थाओं को बेहतर कराने खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुँचे वरिष्ठ अधिकारी



ग्वालियर,(ए.)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में बुधवार से समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन शुरू हो गया है। जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिये 38 उपार्जन केन्द्र शुरू हो गए हैं। जिले में कुल 41 खरीदी केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। विभिन्न खरीदी केन्द्रों पर किसान भाईयों से तौल कांटों का पूजन कराकर गेहूँ का उपार्जन शुरू किया गया। पहले दिन पाँच उपार्जन केन्द्रों पर 16 किसानों से लगभग 690 क्विंटल गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर की गई। स्लॉट बुकिंग के अनुसार किसानों से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है।उपार्जन के पहले दिन कलेक्टर रुचिका चौहान के निर्देश पर जिले के एसडीएम व अन्य राजस्व अधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी सहित उपार्जन से जुडे अन्य अधिकारी खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के लिये पहुँचे। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा इस साल 40 रुपये बोनस सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये पेयजल, छाया व पेयजल इत्यादि के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए। साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर किसानों के लिये छाछ, शरबत व ओआरएस का इंतजाम करने के लिये भी कहा गया।प्राथमिक चिकित्सा किट की व्यवस्था भी सभी खरीदी केन्द्रों पर सुनिश्चित की जा रही है। इस दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि उपार्जन केन्द्रों पर अग्निशमन यंत्र, रेत, बाल्टियां एवं गेहूँ को ढकने के लिये तिरपाल इत्यादि की पुख्ता व्यवस्था रहे। प्रत्येक केन्द्र पर शिकायत व सुझाव पंजी संधारित करने के लिये कहा गया।अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों के तौल-कांटों की जांच की गई। साथ ही बारदाने की उपलब्धता की वस्तुस्थिति भी जानी। एसडीएम झांसी रोड अतुल सिंह एवं जिला आपूर्ति अधिकारी अरविंद सिंह भदौरिया ने बुधवार को उटीला स्थित सहकारी समिति व भगवती वेयरहाउस पिंटो पार्क उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया।

## एमपी में बोर्ड रिजल्ट के बाद दो घटनाएंः छिंदवाड़ा में छात्रा की मौत, मुलताई में छात्र की हालत गंभीर

छिंदवाड/मुलताई,(ए.)। मध्य प्रदेश बोर्ड ने बुधवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड के रिजल्ट जारी कर दिए। 10वीं के 73.42 और 12 के 76 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। दोनों परीक्षाओं में करीब 16 लाख छात्र-छात्रा शामिल हुए थे। बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद मप्र के दो अलग-अलग स्थानों पर फेल होने से दुखी छात्रों ने आत्मघाती कदम उठाया। छिंदवाड़ा में एक छात्रा ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली, वहीं मुलताई में एक छात्र ने कीटनाशक पी लिया, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है।जानकारी अनुसार पहला मामला छिंदवाड़ा शहर के मोहन नगर क्षेत्र का है। यहां रहने वाली 17 वर्षीय छात्रा सानिया पुत्री सतीश ने बुधवार को बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कुछ समय से अपने नाना-नानी के घर रह रही थी। परिजनों के अनुसार, छात्रा ने मोबाइल पर अपना परीक्षा परिणाम देखा और इसके बाद बाथरूम में चली गई। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों को चिंता हुई। दरवाजा तोड़ने पर वह फंदे पर लटकी मिली।

## जबलपुरः गौरीघाट में अवैध कब्जे की जगह अब सज रहे हैं नेकी के केंद्र

जबलपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के जबलपुर में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार गौरीघाट क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।




जिस स्थान पर दो महीने पहले तक अव्यवस्थित और अवैध कब्जे थे, वहां अब नगर निगम एक भव्य और आकर्षक केंद्र का निर्माण कर रहा है। यह पहल न केवल स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग सुधारेगी, बल्कि नागरिकों के लिए सेवा और सुविधा का संगम भी बनेगी।निगमायुक्त अहिरवार ने बुधवार को बताया कि इस केंद्र को केवल एक स्टोर की तरह नहीं, बल्कि एक सोशल बैंक के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ प्रमुख रूप से खिलौना बैंक सक्षम परिवारों द्वारा दिए गए पुराने खिलौने यहाँ जमा होंगे, जिन्हें जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा। बर्तन बैंक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को कम करने के लिए यहाँ से आयोजनों हेतु बर्तन उपलब्ध कराए जाएंगे। पुस्तक बैंक शिक्षा को बढावा देने के लिए छात्र यहाँ अपनी पुरानी किताबें दान कर सकेंगे और जरूरतमंद विद्यार्थी उन्हें ले सकेंगे। थैला बैंक नर्मदा तट को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यहाँ कपड़े के थैले उपलब्ध होंगे।उन्होंने बताया कि घाटों पर पूजन सामग्री की दुकानें अव्यवस्थित होने से जाम की स्थिति बनती थी। अब नए प्लान के तहत श्रद्धालुओं को एक ही छत के निचे गार्बेज फ्री और व्यवस्थित तरीके से पूजन सामग्री मिल सकेगी। स्थानीय विक्रेताओं को व्यवस्थित स्थान मिलने से उनकी आजीविका भी सुधरेगी और घाट की सुंदरता भी बनी रहेगी। हमारा उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि उस स्थान का सदुपयोग कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। गौरीघाट का यह केंद्र पूरे शहर के लिए एक मॉडल बनेगा।

# ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली नाले में गिरी, तीन की मौत, 13 गंभीर घायल



राजगढ,(ए.)। जिले के माचलपुर थाना क्षेत्र में पीपल्याकुलमी स्थित पेट्रोल पंप के पास एक दर्दनाक सडक हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिडंत में ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए झालावाडा रेफर किया गया। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे और मौके से वाहन को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।पुलिस के अनुसार बीती रात ट्रैक्टर- ट्रॉली में सवार लोग ग्राम सांवलपुर से नयागांव शादी की रस्म में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पीपल्याकुलमी के पास एलएनटी मशीन ले जा रहे ट्रक (एमपी 09 एचजी 6353) ने ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली के पहिए अलग हो गए और वह नाले में जा गिरी।हादसे में कबूबाई (60)पत्नी लालसिंह गुर्जर निवासी कचनारिया की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सलोनी (10) और शिक्षक बालकिशन दांगी (40) निवासी माचलपुर ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड दिया। इस हादसे में पूजा (24), दिव्यांशी (11), पारीबाई (50), धर्मराज (18), मनीष, सुडीबाई, बरसीबाई, सुगनबाई, कृष्णाबाई, संपतबाई, ओमप्रकाश (25), सोनू (26) और जगदीश (30) गंभीर रुप से घायल हो गए, जबकि गायत्रीबाई (35) और उसके बेटे राकेश (16) को हल्की चोटें लगी।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 ने 560 दिन किया लगातार उत्पादन

## 210 मेगावाट श्रेणी में सर्वाधिक दिन विद्युत उत्पादन करने वाली देश की दूसरी यूनिट बनी

भोपाल मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (ATPS) की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 560 दिन निर्बाध विद्युत उत्पादन करते हुए एनटीपीसी के विंध्याचल सुपर ताप विद्युत गृह सिंगरौली को पीछे छोड दिया। देश के ताप विद्युत उत्पादन के इतिहास में अब चचाई की यह यूनिट 210 मेगावाट श्रेणी में सर्वाधिक दिनों तक निर्बाध विद्युत उत्पादन करने वाली दूसरी यूनिट बन गई। समग्र रूप से और सभी श्रेणी में देखा जाए तो अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यह यूनिट सर्वाधिक लगातार विद्युत उत्पादन करने वाले विद्युत इकाइयों में चौथे स्थान पर अपना नाम दर्ज करवा चुकी है। चचाई की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 द्वारा हासिल की गई यह यह उपलब्धि गहन योजना, मज़बूत निवारक रखरखाव प्रक्रियाओं, बारीकी से की गई परिचालन निगरानी और U ATPS की पूरी परिचालन व रखरखाव टीम के अटूट



समर्पण का परिणाम है। इतनी लंबी अवधि तक बिना किसी बड़ी रुकावट के निर्बाध परिचालन बनाए रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल ATPS के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह मध्यप्रदेश के उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में MPPGCL के योगदान को भी काफी मज़बूत करती है। यह कंपनी के अन्य बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए अनुकरण करने के लिये एक मानक स्थापित करती है।

सर्वाधिक दिन के उत्पादन के साथ तकनीकी मापदंड में भी यूनिट दिखा रही कमालअमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 सर्वाधिक दिन संचालित होने के साथ तकनीकी रूप से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान यूनिट ने 98.78त्न प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (PAF), 95.48 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर (PLF) व 9.28त्न ऑक्जलरी कंजम्प्शन जैसे उच्च मानक हासिल किए। ये प्रभावशाली आंकड़े स्पष्ट रूप से उच्च स्तर की दक्षता, विश्वसनीयता व तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जिसे चचाई प्लांट टीम द्वारा निरंतर बनाए रखा गया है।

## व्यापार समाचार

# जीरो टैक्स होने पर भी ITR भरना क्यों है जरूरी? जानें 5 बड़े फायदे

नई दिल्ली (ए.)। वित्त वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) में कई ऐसे करदाता हैं जिनकी आय टैक्स के दायरे से नीचे रह सकती है। इसका कारण सेक्शन 87ए के तहत मिलने वाली छूट, कटौतियां या पार्ट-टाइम काम, फ्रीलांसिंग और डिविडेंड जैसी कम आय हो सकती है।ऐसे में, एक आम सवाल उठता है कि जब टैक्स देनदारी शून्य है तो क्या इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) भरना जरूरी है? इसका जवाब है—हां, कई मामलों में 'निल आईटीआर' फाइल करना फायदेमंद और समझदारी भरा कदम होता है।जानकारों का कहना है कि असल में आईटीआर फाइल करना सिर्फ टैक्स चुकाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आपकी सालाना आय का एक आधिकारिक रिकॉर्ड होता है, जो आयकर विभाग के पास दर्ज रहता है। भले ही आपकी टैक्स देनदारी शून्य हो, फिर भी आईटीआर भरने से आपकी वित्तीय हिस्ट्री साफ और व्यवस्थित रहती है, जो आगे चलकर कई कामों में मदद करती है।आज के डिजिटल दौर में आयकर विभाग एआईएस (एनुअल इन्फॉर्मेशन स्टेटमेंट) और टीआईएस (टैक्सपेयर इन्फॉर्मेशन




समरी) जैसे टूल्स के जरिए आपकी बैंकिंग, निवेश, ब्याज, टीडीएस और बड़े लेनदेन की जानकारी पहले से ट्रैक करता है। ऐसे में आईटीआर फाइल करने से आपका रिकॉर्ड सही और कानूनी रूप से अपडेट रहता है, जिससे किसी तरह की गड़बड़ी, नोटिस या जांच की संभावना कम हो जाती है।जानकारों के मुताबिक, अगर आपकी आय पर टैक्स नहीं बनता, तब भी टीडीएस कट सकता है, जैसे बैंक ब्याज, फिक्स्ड डिपॉजिट, फ्रीलांसिंग या शेयरों से मिलने वाले डिविडेंड पर। आईटीआर फाइल करने से आप इस कटे हुए टैक्स का रिफंड आसानी से क्लेम कर सकते हैं। यही इसका एकमात्र वैध तरीका भी है।

इसके अलावा, बैंक और वित्तीय संस्थान लोन या क्रेडिट कार्ड देते समय आईटीआर को आय के प्रमाण के रूप में मांगते हैं। ऐसे में भले ही आपकी आय कम हो, लेकिन नियमित आईटीआर फाइल करने से आपकी विश्वसनीयता बढ़ती है और लोन मिलने की संभावना मजबूत होती है। विदेश यात्रा या पढ़ाई के लिए वीजा आवेदन में भी पिछले 3 से 5 साल के आईटीआर रिकॉर्ड मांगे जाते हैं। इससे आपकी वित्तीय स्थिति का आकलन किया जाता है, इसलिए निल आईटीआर फाइल करना भविष्य की योजनाओं के लिए भी जरूरी हो जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी साल आपको शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड या बिजनेस में नुकसान हुआ है, तो आईटीआर फाइल करके आप उस नुकसान को आगे के वर्षों में एडजस्ट कर सकते हैं। इससे भविष्य में टैक्स बचत का फायदा मिलता है।

# शेयर मार्किट में तूफानी तेजी, निवेशकों पर झमाझम बरसा पैसा, 9 लाख करोड़ की हुई कमाई




मुंबइ(ए.)। वैश्विक बाजारों में तेजी और अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता फिर से शुरू होने की उम्मीदों के चलते भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी, दोनों में 1.6 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,263.67 (1.63 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 78,111.24 स्तर पर ट्रेड करते नजर आया, तो वहीं निफ्टी 388.65 अंक यानी 1.63 प्रतिशत चढ़कर 24,231.30 पर कारोबार करता नजर आया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 77,981.10 पर खुलकर 78,270.42 का इंट्रा-डे हाई छुआ, तो वहीं निफ्टी 24,163.80 पर खुलकर 24,280.90 का हाई टच किया। ब्रॉडर मार्केट में और ज्यादा तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 में 2.20 प्रतिशत तो निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 2.35 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

### निवेशकों की दौलत में 9.11 लाख करोड़ का उछाल

बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 4,49,13,555.17 करोड़ था। आज यानी 15 अप्रैल 2026 को इक्विटी मार्केट का कारोबार बंद होने पर यह 4,58,25,183.95 करोड़ पर पहुंच गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी 911,628.78 करोड़ बढ़ गई है।

वहीं, सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो बुधवार को सभी सेक्टर हरे निशान में कारोबार करते नजर आए। निफ्टी आईटी, मेटल्स, पीएसयू बैंक, मीडिया और रियल्टी सेक्टर में 2 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। तो वहीं निफ्टी ऑटो, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी बैंक, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई।निफ्टी 50 में 5 शेयरों को छोड़कर बाकी सभी में हरियाली देखने को मिली। इंडिगो, पावरग्रिड, इटरनल, मैक्स हेल्थ, विप्रो, एचडीएफसी लाइफ, टेक महिंद्रा, टीसीएस, हिंडाल्को, टीएमपीवी, एसबीआई लाइफ, एलएंडटी के शेयरों में 4 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई, जबकि डॉ. रेड्डीज, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और ओएनजीसी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली।जानकारों का कहना है कि अमेरिका-ईरान के बीच तनाव कम होने के संकेत मिलने से निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता बढ़ी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को खत्म करने के लिए वार्ता अगले दो दिनों में पाकिस्तान में फिर से शुरू हो सकती है, इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना और निवेशकों ने बंपर खरीदारी की।इस बीच, अमेरिकी-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के बाद बेहतर होते बाजार भाव से रुपए में मजबूती आई और यह 93.50 पर पहुंच गया, जिसके चलते पिछले दो सत्रों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई। एक विश्लेषक ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, जो अब 94-95 डॉलर के दायरे की ओर फिसल रही है, भारत के आयात बिल पर दबाव कम कर रही है और रुपए को अल्पकालिक राहत प्रदान कर रही है।

# सोने में गिरावट,चांदी में तेजी



नई दिल्ली (ए.)। घरेलू बाजार में बुधवार को आज सोने की कीमतों में गिरावट आई है जबकि कारोबार की शुरुआत में चांदी में तेजी रही। सोने के वायदा भाव में आज कमी रही। दूसरी ओर चांदी में तेजी आई। घरेलू बाजार में आज सोने के वायदा भाव 1,54,750 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,55,150 रुपये पर बने हुए थे। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी में तेजी रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत में आज कमी रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क जून अनुबंध 60 रुपये नीचे आकर 1,54,757 रुपये के खुला। ये 1,54,850 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 1,54,651 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। सोने के वायदा भाव 1,80,779 रुपये के भाव सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे।

वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत में आज बढ़त रही। इसका मई अनुबंध 1,593 रुपये बढ़कर 2,54,343 रुपये पर खुला। वहीं इसका पिछला बंद भाव 2,52,750 रुपये था। ये 2,55,617 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,54,155 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। चांदी के वायदा भाव इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में बढ़त रही है। कॉमेक्स पर सोना आज 4,862.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला जबकि इसका बंद भाव 4,850.10 डॉलर प्रति औंस था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 79.70 डॉलर के भाव पर खुले। इसका बंद भाव 79.53 डॉलर था।

## एलआईसी ने माईएलआईसी ऐप और सुपर सेल्स साथी ऐप किया लॉन्च

मुंबई, (ए.)। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बुधवार को माईएलआईसी और सुपर सेल्स साथी ऐप लॉन्च किए हैं। इससे अब पॉलिसी मैनेजमेंट, प्रीमियम पेमेंट और अन्य सेवाएं मोबाइल पर आसान हो जाएंगी।

कंपनी ने कहा कि माईएलआईसी ऐप ग्राहकों के लिए और सुपर सेल्स साथी ऐप मध्यस्थों यानी बिक्री बिचौलियों के लिए बनाया गया है। एलआईसी ने बताया कि इससे समय की बचत होगी, काम पहले से ज्यादा तेज और आसान होगा। कंपनी के मुताबिक माईएलआईसी ऐप अगली पीढ़ी का एक मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे इस अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए बनाया गया है कि पॉलिसीधारक अपने जीवन बीमा पोर्टफोलियो को कैसे प्रबंधित करेंगे।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 1263, निफ्टी 388 अंक उछला




मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी होवी होने से आया है। अमेरिकी और ईरान के बीच संघर्ष शीर्ष समाप्त होने की बढ़ती उम्मीदों से भी बाजार में उत्साह है। इसी कारण आज बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों में ही तेजी रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,263.67 बढ़कर 78,111.24 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 पर बंद हुआ। वहीं ब्रॉडर मार्केट में आज अधिक तेजी दिखी। निफ्टी मिडकैप 100 में 2.20 फीसदी जबकि निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 2.35 फीसदी की तेजी दर्ज की।

वहीं, सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो सभी सेक्टर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए।

# रुपया गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 4 पैसे की गिरावट के साथ ही 93.40 पर बंद हुआ1 आज सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की मजबूती के साथ 93.17 पर खुला पर बंद होते-होते इसमें गिरावट आने लगी। यह बढ़त ब्रेंट क्रूड की गिरती कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद के कारण आई। वहीं गत दिवस मुद्रा बाजार बंद था। वहीं सोमवार को भारतीय रुपया 63 पैसे टूटकर 93.36 पर बंद हुआ था।



# प्रधानमंत्री ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में हुई दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा "पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## अखिलेश यादव बोले- महिला आरक्षण के बहाने ध्यान भटकाने की कोशिश में भाजपा, इनकी मंशा ठीक नहीं

लखनऊ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को मुसाफिरखाना में भाजपा सरकार पर कई मुद्दों को लेकर निशाना साधा। एक दिवसीय दौरे पर सुल्तानपुर जाते समय उन्होंने महिला आरक्षण, महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था जैसे विषयों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा महिला आरक्षण लागू करने की नहीं दिखती। क्षेत्र निर्धारण और सीटों का स्पष्ट ब्योरा सामने नहीं आया है। जनगणना पूरी नहीं होने का भी जिक्र किया। उनका कहना रहा कि अन्य मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस विषय को उठाया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि स्थिति संतोषजनक नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश और देश की स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने संविधान के मूल सिद्धांतों की चर्चा करते हुए अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रतीकात्मक कदमों से सम्मान नहीं बढ़ता, अधिकार सुनिश्चित होने से सम्मान मिलता है। उन्होंने आर्थिक मुद्दों पर भी बात रखी। महंगाई और बेरोजगारी में बढ़ोतरी का जिक्र किया। नोटबंदी के बाद भ्रष्टाचार बढ़ने का आरोप लगाया। पत्रकारों पर कार्रवाई का भी उल्लेख किया। नोएडा में श्रमिकों के विरोध का हवाला देते हुए कहा कि श्रमिकों की मांगों पर ध्यान देना जरूरी है

# इस बार नई पहल, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए राज्यों में शुरू हुआ हेल्थ अलर्ट अभियान

देहरादून (आरएनएस)। चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने इस बार नई पहल शुरू की है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आने वाले स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतों के प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए राज्यों में हेल्थ अलर्ट अभियान शुरू किया गया।

चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार ने इस बार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है। सचिव स्वास्थ्य सचिन कुर्वे के दिशानिर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग ने देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष हेल्थ एडवाइजरी जारी की है।इसका उद्देश्य यात्रा के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को पहले ही कम करना और जागरूकता बढ़ाना है। इसके अलावा अंतरराज्यीय समन्वय की ठोस पहल शुरू की है। सहायक निदेशक डॉ. अमित शुक्ला ने राजस्थान का दौरा कर वहां के प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर स्वास्थ्य सुझावों और दिशानिर्देशों को साझा किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि चारधाम यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य हित को सर्वोपरि रखते हुए इन दिशानिर्देशों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि राजस्थान से आने वाले तीर्थयात्रियों को यात्रा से पूर्व ही आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, सावधानियां और गाइडलाइन स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे तीर्थायत्री पूरी तैयारी और जागरूकता के साथ यात्रा पर निकलें

## गौतमबुद्धनगर में आउटसोर्सिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी, उपद्रव पर होगी कड़ी कार्रवाई, ब्लैकलिस्ट होंगी एजेंसियां

गौतमबुद्धनगर(आरएनएस)। जनपद में औद्योगिक शांति बनाए रखने और शासन की गाइडलाइंस का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से जुड़ी आउटसोर्सिंग एजेंसियों और संविदाकारों ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी आउटसोर्सिंग एजेंसियां अपने कर्मचारियों और श्रमिकों को अनुशासित बनाए रखने की जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के सुचारू संचालन में एजेंसियों और संविदाकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे न केवल उद्योगों को चलाने में सहयोग करते हैं बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं।जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी एजेंसी या उसके कर्मचारी/श्रमिक द्वारा उपद्रवी व्यवहार किया जाता है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की भी मानी जाएगी। ऐसे मामलों में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है और उसका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन ने यह साफ कर दिया है कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।बैठक में न्यूनतम वेतन को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान के अनुसार अकुशल श्रमिकों के लिए 13,690, अर्धकुशल श्रमिकों के लिए 15,059 और कुशल श्रमिकों के लिए 16,868 प्रतिमाह वेतन तय किया गया है। सभी संविदाकारों को निर्देशित किया गया कि वे इन मानकों का पूर्ण रूप से पालन करें और श्रमिकों के बैंक खातों में समय पर पूरा वेतन ट्रांसफर सुनिश्चित करें।

# 'पहलगाम आतंकी के पास आपका फोन नंबर', खौफ में आई 82 साल की बुजुर्ग और देखते ही देखते लुट गए 73 लाख रुपए

कल्याण,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के कल्याण से साइबर ठगी का एक ऐसा खौफनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। यहां शातिर साइबर ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का मायाजाल बुनकर 82 साल की एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाया और उनसे 73 लाख 30 हजार रुपये की भारी-भरकम रकम ठग ली। खुद को बड़ी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को पाकिस्तानी आतंकवादी से कनेक्शन होने का ऐसा खौफ दिखाया कि उन्होंने महज पांच दिनों के भीतर अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई ठगों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। कल्याण पश्चिम के सिंडीकेट इलाके की रहने वाली रोहिणी चंद्रकांत कुलकर्णी के साथ यह पूरी सनसनीखेज वारदात 6 से 10 अप्रैल 2026 के बीच अंजाम दी गई।

## 'पाकिस्तानी आतंकी के पास मिला आपका नंबर', ऐसे रची गई साजिश

इस खौफनाक जालसाजी की शुरुआत 6 अप्रैल को एक फोन कॉल के जरिए हुई। बुजुर्ग महिला के पास विजय खन्ना नाम के एक शख्स का कॉल आया, जिसने खुद को एक वरिष्ठ जांच अधिकारी बताया। उसने बेहद सख्त लहजे में झूठा दावा किया कि पहलगाम हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी को पकड़ा गया है और उस खूंखार आतंकी के पास से उनका



मोबाइल नंबर बरामद हुआ है। इतना ही नहीं, शातिर ठग ने यह भी कहा कि आतंकी फंडिंग और संदिग्ध लेन-देन के मामलों में उनका नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। इस मनगढ़ंत और डरावनी कहानी ने 82 साल की बुजुर्ग को अंदर तक झकझोर दिया। इसके बाद ठगों ने लगातार फोन कॉल और व्हाट्सऐप के जरिए उन्हें अपने चंगुल में फंसाए रखा और जांच में सहयोग के नाम पर जबरदस्त मानसिक दबाव बनाया।

## खाते सुरक्षित करने का दिया झांसा, पुलिस ने शुरू की गहन जांच

बुजुर्ग महिला को पूरी तरह डराने के बाद ठगों ने ठगी का आखिरी दांव चला। उन्होंने महिला को झांसा दिया कि उनके बैंक खातों की आधिकारिक जांच होनी है, इसलिए किसी भी जब्ती से बचने के लिए उनकी सारी रकम को अस्थायी रूप से 'सरकारी सुरक्षित खातों' में ट्रांसफर करना होगा। महिला का भरोसा जीतने के लिए शातिरों ने अलग-अलग बैंक खातों की फर्जी डिटेल भी उन्हें भेजी। खौफ के साये में जी रही महिला ने 6 से 10 अप्रैल के बीच आरटीजीएस और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 73.30 लाख रुपये उन अज्ञात खातों में भेज दिए। जब महिला ने हिम्मत जुटाकर यह खौफनाक वाक्या अपने परिजनों को बताया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई और ठगी का यह पूरा राज खुला। इसके बाद आनन-फानन में कल्याण के महात्मा फुले चौक पुलिस थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई गई। फिलहाल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस निरीक्षक विजय नाईक के नेतृत्व में आरोपियों की धरपकड़ के लिए सघन जांच की जा रही है।




*रांची के प्रोजेक्ट बिल्डिंग में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह के दौरान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर की उपस्थिति में, झारखंड सरकार और इंडियन बैंक के अधिकारियों ने समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।*

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दी बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं, कहा-एकजुट होकर तोड़ें संकीर्णता की दीवारें

कोलकाता,(आरएनएस)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए राज्य के लोगों को बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। यह पर्व बंगाली कैलेंडर के पहले महीने (बैसाख) के पहले दिन मनाया जाता है, जिसे पोइला बैसाख के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पोस्ट में एक भावनात्मक कविता भी साझा की, जिसमें नए साल के आगमन और पुराने साल की कड़वाहट को पीछे छोड़ने की बात कही गई। उन्होंने लिखा, आओ, आओ, आओ हे वैशाख तपती श्वासों की हवा से हताशायें उड़ जाए, वर्ष भर की वर्जनाएं दूर हो जाए। ममता बनर्जी ने कहा, मैं अपने दिल की गहराइयों से राज्य के कोने-कोने में रहने वाले लोगों को बंगाली नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। एक नए युग की इस नई सुबह में आप सभी का जीवन सभी गंदगी और दुखों से आजाद हो। नए वर्ष के इस आह्वान में हर आत्मा पवित्रता से भर जाए।उन्होंने कहा, जैसे हमारा बंगाल कला और संस्कृति का एक पवित्र स्थान है, वैसे ही यह धार्मिक सद्भाव का भी एक पवित्र घर है। कुछ बुरी ताकतों ने इस बंगाल को गंदा करने की कोशिश की है। दिल्ली की कुछ शक्तियां लोगों का वोट छीनने की कोशिश कर रही हैं। हमें उन्हें लोकतांत्रिक तरीकों से जवाब देना होगा।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, नव वर्ष के इस पवित्र दिन पर हम सब मिलकर एक वादा करें कि हम छोटी सोच की सभी दीवारें तोड़ देंगे और खुलकर सामने आएंगे। कोई भी बांटने वाली या तानाशाही ताकत हमारी हमेशा रहने वाली शांति, हमारे पारंपरिक मेलजोल या भाईचारे के हमारे बंधन



को तोड़ने में कभी कामयाब न हो।ममता बनर्जी ने अंत में कहा, आप सब ठीक रहें और सेहतमंद रहें। आने वाले विधानसभा चुनावों में अपने डेमोक्रेटिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए ट्विन फ्लावर्स निशान के लिए अपना वोट दें और तृणमूल कांग्रेस के सभी नॉमिनेटेड उम्मीदवारों की शानदार जीत पक्की करें।

# प्रथम नौसेना कमांडर सम्मेलन नई दिल्ली के नौ सेना भवन में शुरु

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रथम भारतीय नौसेना कमांडर सम्मेलन 2026 14 अप्रैल, 2026 को नौ सेना भवन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नौसेना नेतृत्व, बाहरी संचालन और क्षेत्र कमांडरों तथा कमांड मुख्यालय और नौसेना मुख्यालय के कर्मचारियों को संबोधित किया।नौसेना प्रमुख ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहित भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने, अभियानों की गति बढ़ाने और अंतर-सेवा समन्वय को मजबूत करने में नौसेना की उपलब्धियों की सराहना की। नौसेना प्रमुख ने भविष्य के लिए तैयार बल के निर्माण हेतु युद्ध की तैयारी पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर बल दिया।नौसेना प्रमुख ने उभरते भू-रणनीतिक परिदृश्य में हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए बहुपक्षीय और द्विपक्षीय अभ्यासों में मित्र देशों (एफएफसी) के साथ सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से एकजुट और विश्वसनीय दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया।नौसेना प्रमुख ने उभरते भू-रणनीतिक परिदृश्य में हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए बहुपक्षीय और द्विपक्षीय अभ्यासों में मित्र देशों (एफएफसी) के साथ सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से एकजुट और विश्वसनीय दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान संयुक्तता, क्षमता संवर्धन (समुद्री और जमीनी स्तर पर), रखरखाव और मरम्मत, बहु-क्षेत्रीय सुरक्षा पद्धतियां, प्रशिक्षण, विदेशी सहयोग, मानव संसाधन मुद्दे और नवाचार एवं स्वदेशीकरण से संबंधित प्रमुख मुद्दों सहित संचालन संबंधी मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# रिटायरमेंट पर भावुक हुए जस्टिस शेखर यादव

## -इलाहाबाद हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफरेंस के दौरान दी विदाई

प्रयागराज,(ए.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में मुख्य न्यायाधीश की अदालत में शाम 4 बजे फुल कोर्ट रेफरेंस आयोजित किया गया, जिसमें सभी न्यायाधीशों, बार एसोसिएशन के सदस्यों और हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जस्टिस यादव भावुक नजर आए और अपने कार्यकाल से जुड़े विवादों तथा व्यक्तिगत अनुभवों को भी साझा किया।

# पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से लगा बड़ा झटका, अग्रिम जमानत पर लगी रोक

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को असम पुलिस द्वारा दर्ज मानहानि और जालसाजी के मामले में खेड़ा को तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में नोटिस जारी कर तीन हफ्ते के भीतर जवाब भी तलब किया है।

यह पूरा विवाद पवन खेड़ा द्वारा किए गए उन दावों से शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी रिनीकी भुइयां के पास अलग-अलग देशों के कई पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं। इन आरोपों के बाद रिनीकी भुइयां ने असम पुलिस में खेड़ा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। असम पुलिस की कार्रवाई और संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए पवन खेड़ा ने तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से 10 अप्रैल



को उन्हें एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिल गई थी। असम सरकार ने हाईकोर्ट के इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर की पीठ के समक्ष असम सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (स्त्र) तुषार मेहता ने कड़ी दलीलें रखीं। सुनवाई के दौरान सबसे अहम मोड़ तब आया जब एसजी ने बताया कि खेड़ा ने तेलंगाना हाईकोर्ट में अधिकार क्षेत्र साबित करने के लिए अपनी पत्नी का आधार कार्ड पेश किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया कि रिकॉर्ड पर रखे गए आधार कार्ड के मुख्य पृष्ठ पर तो नाम है, लेकिन पीछे उनकी पत्नी का दिल्ली का पता दर्ज है। तुषार मेहता ने इसे कानून का खुला दुरुपयोग और 'अपनी सुविधानुसार कोर्ट चुनने' (फोरम शॉपिंग) का मामला बताया।सॉलिसिटर जनरल की दलीलों को गंभीरता से लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी एक गलत या फर्जी दस्तावेज पेश करके हाईकोर्ट के अधिकार क्षेत्र का अनुचित लाभ उठाने के प्रयास पर हैरानी जताई। इन सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने पवन खेड़ा के लिए कानूनी रास्ता खुला रखते हुए स्पष्ट किया है कि अगर वह अब असम की किसी उचित और अधिकार क्षेत्र वाली अदालत में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल करते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट के इस स्टे (रोक) वाले आदेश का उस याचिका पर कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# घायलों के बेहतर उपचार हेतु कलेक्टर-एसपी मुस्तैद

## मृतकों के परिजनों से संपर्क एवं सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी

रायपुर,(आरएनएस)। सक्ति जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे के बाद जिला प्रशासन त्वरित रूप से सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय घटना एवं घायलों के उपचार को लेकर कलेक्टर अमृत विकास टोपनो तथा पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर से लगातार संपर्क में हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल भी लगातार स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और कलेक्टर के साथ समन्वय बनाए हुए हैं।घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर, एसपी तथा प्रशासन की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुँची और रेस्क्यू अभियान प्रारंभ किया गया। घायलों को प्राथमिकता के साथ रायगढ़ के फोर्टीस हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज एवं अपेक्स अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार हेतु रायपुर के कालड़ा अस्पताल रेफर किया गया। प्रशासन द्वारा घटनास्थल को बैरिकेड कर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए।कलेक्टर श्री टोपनो ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। पोस्टमार्टम उपरांत पार्थिव देह को उनके गृहग्राम तक एम्बुलेंस के माध्यम से भेजने और तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।हादसे में घायल अथवा प्रभावित श्रमिकों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक बिना उपस्थिति के वेतन देने पर भी सहमति बनाई गई है। कलेक्टर ने बताया कि मुआवजा राशि को लेकर देर रात तक चर्चा कर सहमति स्थापित की गई है।

# 'पहलगाम आतंकी के पास आपका फोन नंबर..', खौफ में आई 82 साल की बुजुर्ग और देखते ही देखते लुट गए 73 लाख रुपए

कल्याण,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के कल्याण से साइबर ठगी का एक ऐसा खौफनाक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। यहां शातिर साइबर ठगों ने 'डिजिटल अरेस्ट' का मायाजाल बुनकर 82 साल की एक बुजुर्ग महिला को अपना शिकार बनाया और उनसे 73 लाख 30 हजार रुपये की भारी-भरकम रकम ठग ली। खुद को बड़ी जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर आरोपियों ने बुजुर्ग महिला को पाकिस्तानी आतंकवादी से कनेक्शन होने का ऐसा खौफ दिखाया कि उन्होंने महज पांच दिनों के भीतर अपनी जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई ठगों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। कल्याण पश्चिम के सिंडीकेट इलाके की रहने वाली रोहिणी चंद्रकांत कुलकर्णी के साथ यह पूरी सनसनीखेज वारदात 6 से 10 अप्रैल 2026 के बीच अंजाम दी गई।इस खौफनाक जालसाजी की शुरुआत 6 अप्रैल को एक फोन कॉल के



जरिए हुई। बुजुर्ग महिला के पास विजय खन्ना नाम के एक शख्स का कॉल आया, जिसने खुद को एक वरिष्ठ जांच अधिकारी बताया। उसने बेहद सख्त लहजे में झूठा दावा किया कि पहलगाम हमले में शामिल एक पाकिस्तानी आतंकवादी को पकड़ा गया है और उस खूंखार आतंकी के पास से उनका मोबाइल नंबर बरामद हुआ है। इतना ही नहीं, शातिर ठग ने यह भी कहा कि आतंकी फंडिंग और संदिग्ध लेन-देन के मामलों में उनका नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है। इस मनगढ़ंत और डरावनी कहानी ने 82 साल की बुजुर्ग को अंदर तक झकझोर दिया। इसके बाद ठगों ने लगातार फोन कॉल और व्हाट्सऐप के जरिए उन्हें अपने चंगुल में फंसाए रखा और जांच में सहयोग के नाम पर जबरदस्त मानसिक दबाव बनाया।बुजुर्ग महिला को पूरी तरह डराने के बाद ठगों ने ठगी का आखिरी दांव चला। उन्होंने महिला को झांसा दिया कि उनके बैंक खातों की आधिकारिक जांच होनी है, इसलिए किसी भी जब्ती से बचने के लिए उनकी सारी रकम को अस्थायी रूप से 'सरकारी सुरक्षित खातों' में ट्रांसफर करना होगा। महिला का भरोसा जीतने के लिए शातिरों ने अलग-अलग बैंक खातों की फर्जी डिटेल भी उन्हें भेजी।



नई दिल्ली में खड़गे के आवास पर इंडिया ब्लॉक की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

# होर्मुज में अमेरिका ने रोकी चीन को तेल-गैस सप्लाई, अब रूस करेगा बीजिंग की ऊर्जा आपूर्ति

तेहरान (ए.)। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, ताकि वहां से कोई भी जहाज बाहर न निकल सके। इसी बीच अमेरिकी विदेश मंत्री स्कॉट बेसेंट ने दावा किया है कि ईरान अब चीन को तेल की आपूर्ति नहीं कर पाएगा।इस स्थिति में रूस ने आगे आकर चीन की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का भरोसा दिया है। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की कुछ रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि अमेरिकी नाकेबंदी के बावजूद ईरान के कम से कम तीन जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने में सफल रहे हैं। उधर, 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में हुई अमेरिका-ईरान शांति वार्ता असफल रहने के बाद बुधवार को तेहरान में एक विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम तीन लोग घायल हो गए। घटना से जुड़े अन्य विवरणों का इंतजार किया जा रहा है।

अब दोनों देशों के बीच अगले दौर की वार्ता 16 अप्रैल को होने की



संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान की मध्यस्थता विफल होने के बाद अमेरिका की नजरें भारत पर टिकी हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत की, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित बनाए रखने और मध्य-पूर्व में शांति स्थापित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

## अमेरिका ने ईरानी तेल पर प्रतिबंध छूट को बढ़ाने से मना कर दिया

वॉशिंगटन,(आरएनएस)। बढ़ते जियोपॉलिटिकल तनाव के बीच अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसका ईरानी तेल पर लगे बैन में कुछ समय के लिए दी गई छूट को बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है. इसे युद्ध की वजह से सप्लाई में रुकावटों को कम करने के लिए लागू किया गया था.यह कदम तेहरान पर दबाव बढ़ाने की अमेरिका की बड़ी रणनीति का हिस्सा है. वित्त मंत्रालय का कहना है कि वह ईरान की आर्थिक और ऊर्जा को लेकर गतिविधि पर रोक लगाने के मकसद से इकोनॉमिक फ्यूरी अप्रोच को आगे बढ़ा रहा है.वित्त मंत्रालय इकोनॉमिक फ्यूरी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है, ईरान पर ज़्यादा से ज़्यादा दबाव बनाए हुए है।

## इस्लामाबाद के जिस सेरेना होटल में हुई अमेरिका-ईरान की बैठक, उसका बिल नहीं चुका पाई सरकार

इस्लामाबाद(आरएनएस)। कर्ज के बोझ से दबे पाकिस्तान ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी किरकिरी कराई है। पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद के जिस सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता कराई थी, अभी तक उसका बिल नहीं चुकाया है।




रिपोर्ट्स के मुताबिक, होटल का बिल होटल के मालिक को चुकाना पड़ा है। होटल के मालिक आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क से जुड़े हैं।

सेरेना होटल इस्लामाबाद का 5 सितारा होटल है। इसका उद्घाटन 2002 में तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने किया था। होटल का मालिकाना हक आगा खान फंड ऑफ इकोनॉमिक डेवलपमेंट के पास और संचालन सहायक कंपनी टूरिज्म प्रमोशन सर्विस करती है। होटल में प्रति-रात का डीलक्स रूम का किराया करीब 13 हजार रुपये और एग्जीक्यूटिव रूम का किराया 23 हजार रुपये तक है। प्रेसिडेंशियल सुइट करीब 93 हजार रुपये प्रति-रात है। होटल के आसपास मार्गल्ला हिल्स और रावल झील है।

पाकिस्तान ने मध्यस्थता के तहत 10 से 12 अप्रैल के बीच इस्लामाबाद वार्ता के रूप में अमेरिका और ईरान के प्रमुख नेताओं और प्रतिनिधिमंडल को शांति वार्ता के लिए बुलाया था। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु संवर्धन को लेकर कोई सहमति नहीं बनी और बातचीत विफल हो गई। अब अगले दौर की वार्ता की योजना बन रही है। हालांकि, वार्ता को इस्लामाबाद या जिनेवा में करने की योजना है। अभी इस पर मुहर नहीं लगी है।

## पाकिस्तान की युद्धविराम 45 दिन बढ़ाने की मांग, अमेरिका ने बातचीत के लिए 2 शर्तें रखीं

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच अगले दौर की वार्ता की योजना बन रही है। हालांकि, इससे पहले राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सामने 2 शर्तें रखी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका चाहता है कि ईरान के साथ अगली वार्ता होने से पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोल दिया जाए। इसके अलावा, उसने किसी भी समझौते को अंतिम रूप देने के लिए ईरान के प्रतिनिधिमंडल को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से पूर्ण अधिकार लेने को कहा है।

राष्टपति ट्रंप ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच 2 दिन के अंदर पाकिस्तान में एक और वार्ता हो सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से कुछ सही और अज्ञात ईरानी प्रतिनिधियों ने संपर्क किया था जो एक समझौते पर पहुंचने के इच्छुक थे। बता दें कि यह बातचीत अमेरिकी सेना द्वारा ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी करने के बाद भी शुरू हो रही है। वार्ता फिर से इस्लामाबाद में हो सकती है।अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता से पहले पाकिस्तान ने युद्धविराम को 45 दिन के लिए आगे बढ़ाने की मांग की है।सूत्रों ने एक पाकिस्तानी राजनयिक सूत्र के हवाले से कहा कि इस्लामाबाद कई पक्षों के संपर्क में है, ताकि युद्धविराम को बढ़ाने और वाशिंगटन-तेहरान के बीच तकनीकी स्तर का संपर्क फिर शुरू होने पर सहमति बने। मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए 45 दिनों का युद्धविराम चाहते हैं।अमेरिका-ईरान के अलावा इजरायल और लेबनान भी सीधी बातचीत शुरू करने को राजी हैं।

## जंग में ईरान को हुआ 270 अरब डॉलर का नुकसान, संयुक्त राष्ट्र में उठाई मुआवजे की मांग



**-ईरानी राजदूत ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर टैक्स लगाने का भी रखा प्रस्ताव**

जेनेवा,(ए.)। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान ने बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान का दावा करते हुए करीब 270 अरब डॉलर के मुआवजे की मांग की है। यह मांग संयुक्त राष्ट्र में उठाई गई, जहां ईरान के प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि हमलों में न केवल अमेरिका और इजराइल, बल्कि कुछ क्षेत्रीय देशों की भी भूमिका रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सरकार की प्रवक्ता फातमेह मोहाजेरानी ने कहा कि 28 फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद देश को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि युद्ध के कारण बुनियादी ढांचे, व्यापार और तेल निर्यात पर गंभीर असर पड़ा है, जिससे नुकसान का आंकड़ा 270 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के दूत ने दावा किया कि पांच क्षेत्रीय देशों की जमीन का इस्तेमाल ईरान पर हमले करने के लिए किया गया। ऐसे में इन देशों को भी इस नुकसान की भरपाई करनी चाहिए। हालांकि, इन देशों के नाम सार्वजनिक रूप से नहीं बताए, जिससे क्षेत्र में कूटनीतिक तनाव और बढ़ सकता है।

## *अंडमान सागर हादसाः शरणार्थियों को ले जा रहा जहाज पलटा, 250 लोगों के मरने की आशंका*

*ढाका,(ए.)। अंडमान सागर में मंगलवार को रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों समेत लगभग 250 लोगों को ले जा रहे एक जहाज के समुद्र में पलट जाने के बाद बड़े पैमाने पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।*

*संयुक्त राष्ट्र संघ हाई कमिश्नर फॉर रिफ्यूजी और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी कर इस घटना पर गहरा दुख जताया है. यह घटना ऐसे समय हुई जब यह इलाका बंगाली न्यू ईयर मना रहा है.खबर है कि दक्षिणी बांग्लादेश के टेकनाफ से निकला यह जहाज मलेशिया जा रहा था, जब तेज हवाओं और बहुत ज्यादा भीड़ की वजह से यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह दुखद घटना लंबे समय तक विस्थापन और रोहिंग्या के लिए पक्के समाधानों की कमी के भयानक नतीजों को दिखाती है.रखाइन राज्य में जारी हिंसा ने जल्द ही सुरक्षित वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया है, जबकि मानवीय मदद में कमी, रिफ्यूजी कैंपों में रहने के मुश्किल हालात, और शिक्षा और रोज़ी-रोटी तक सीमित पहुंच रिफ्यूजी को सुरक्षा और मौके की तलाश में ऐसे खतरनाक समुद्री सफर करने पर मजबूर कर रही है.विदेश में बेहतर सैलरी का वादा और अक्सर स्मगलिंग नेटवर्क से फैलाई गई गलत जानकारी, लोगों, रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों को बड़े रिस्क लेने पर मजबूर करती है. ये वजहें ऐसी स्थितियाँ बनाती हैं जिनमें स्मगलर और ट्रैफिकर कमज़ोरियों का फायदा उठा सकते हैं, जिससे जान को बड़ा खतरा हो सकता है।*

## पाकिस्तान में ईरानी प्रतिनिधिमंडल को था खतरा; लौटते हुए विमान बदला, ट्रेन-बस का किया इस्तेमाल

इस्लामाबाद (ए.)। अमेरिका से वार्ता नाकाम होने के बाद पाकिस्तान से लौट रहे ईरान के प्रतिनिधिमंडल को जान का खतरा था। प्रतिनिधिमंडल के सदस्य प्रोफेसर मोहम्मद मरंडी ने खुलासा किया है कि वार्ता के बाद जब वे लौट रहे थे, तो उन पर हत्या का साया मंडरा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का मानना था कि उनके विमान को मिसाइल से निशाना बनाया जा सकता है, जिसके चलते सुरक्षा रणनीति बदलनी पड़ी।

प्रोफेसर मरंडी ने बताया कि इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ हुई बातचीत के दौरान सुरक्षा का खतरा इतना बढ़ गया था कि प्रतिनिधिमंडल को अपनी सुरक्षा रणनीति पूरी तरह गोपनीय रखनी पड़ी। उन्होंने बताया कि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ समेत पूरे प्रतिनिधिमंडल ने बीच रास्ते में ही अपना विमान बदला और तेहरान पहुंचने के लिए बस और ट्रेन का रास्ता अपनाया।प्रोफेसर मरंडी ने कहा, वापसी के दौरान हम सीधे तेहरान के लिए रवाना नहीं हुए। उस समय हम सबको लग रहा था कि इसकी पूरी संभावना है कि वे हमारे विमान को मार गिराएंगे या मिसाइल दाग देंगे। उन्होंने कहा, इसी जानलेवा खतरे को देखते हुए ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी रणनीति बदली और बेहद गुप्त तरीके से एक दूसरे विमान में सवार हुए।

## चीन ने ईरान को मिलिट्री मदद देने की खबरों को किया खारिज

बीजिंग (चीन), (आरएनएस)। चीन ने ईरान को मिलिट्री मदद देने की खबर को खारिज कर दिया है. इस बारे में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि चीन ईरान को सैन्य मदद दे रहा है।

लिन ने कहा कि अगर अमेरिका इन रिपोर्ट्स के आधार पर चीन पर टैरिफ लगाता है, तो चीन जवाबी कदम उठाएगा।

एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, मीडिया रिपोर्ट्स जो चीन पर ईरान को मिलिट्री सपोर्ट देने का आरोप लगा रही हैं, वे पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं. अगर यूएस इन आरोपों के आधार पर चीन पर टैरिफ बढ़ाता है, तो चीन जवाबी कार्रवाई करेगा।

इससे पहले सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अभी तक उनसे बात नहीं की है, लेकिन वह युद्ध खत्म होते देखना चाहेंगे।

ओवल ऑफिस में रिपोर्टरों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, चीन के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं. वह इसे भी खत्म होते देखना चाहेंगे. वह निश्चित रूप से इसे खत्म होते देखना चाहते हैं. हर कोई, मैं भी इसे खत्म होते देखना चाहता हूं, लेकिन हम ऐसे लोगों के ग्रुप को परमाणु हथियार नहीं दे सकते जिन्होंने 47 सालों से सिर्फ तबाही मचाई है।

यूएस इंटेलिजेंस इनपुट्स और चीनी लीडरशिप के साथ संभावित कम्युनिकेशन के बारे में सीएनएन के एक सवाल के जवाब में, ट्रंप ने साफ किया कि उन्होंने इस मामले पर सीधे शी से बात नहीं की है, लेकिन चेतावनी दी कि अगर बीजिंग ने तेहरान को मिलिट्री सपोर्ट दिया तो उसे नतीजे भुगतने होंगे।

# खेल समाचार

## जसप्रीत बुमराह को पछाड़कर संजू सैमसन ने जीता आईसीसी का ये बड़ा अवॉर्ड

नईदिल्ली, (ए.)। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इन दिनों आईपीएल 2026 में बिजी हैं. वो इस साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल रहे हैं. उससे पहले संजू ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने मार्च महीने का आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीत लिया है।

आईसीसी ने उनको ये अवॉर्ड टी20 वर्ल्ड कप 2026 के नॉकआउट मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया है. यह पहली बार है जब सैमसन ने यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है. सैमसन, टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत बेंच पर बैठकर की थी, लेकिन जब उन्हें प्लेइंग-11 में शामिल किया गया तो फिर उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ एक करो या मरो वाले सुपर एट्स मुकाबले में 97 रन की नाबाद पारी खेली।

उसके बाद संजू ने मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89-89 रन बनाए. उनके प्रयासों की बदौलत भारत अपनी धरती पर ही खिताब बचाने में सफल रहा, और सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला।

आईसीसी के हवाले से सैमसन ने कहा, आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर इसलिए क्योंकि यह मेरे क्रिकेट करियर के सबसे यादगार दौर में मिला है. टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में योगदान देना सचमुच एक सपना सच होने जैसा था, और उस पल की अहमियत को पूरी तरह से समझने में मुझे थोड़ा समय लगा।

उन्होंने आगे कहा, यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक रोमांचक दौर है, जिसमें हर तरफ जबरदस्त प्रतिभा मौजूद है. मुझे मिले मौकों के लिए, और अपने साथियों व कोचिंग स्टाफ के भरोसे और समर्थन के लिए मैं आभारी हूं, जिनकी वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाया।

संजू सैमसन ने ये अवॉर्ड तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को पछाड़कर हासिल किया. बुमराह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अहम भूमिका निभाते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में चार विकेट लिए थे, जबकि दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों में 200 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।

## ‘मजबूरी में लगवाई गई वैक्सीन ने ली मेरे पिता की जान’, 4 साल बाद शेन वार्न के बेटे का सनसनीखेज दावा

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया के महानतम स्पिनरों में शुमार शेन वार्न के निधन को चार साल बीत चुके हैं, लेकिन अब उनकी अचानक हुई मौत को लेकर एक ऐसा सनसनीखेज दावा सामने आया है जिसने क्रिकेट जगत से लेकर आम लोगों तक में खलबली मचा दी है। शेन वार्न के बेटे जैक्सन वार्न ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए दावा किया है कि उनके पिता की जान उन कोविड टीकों (वैक्सीन) की वजह से गई, जिन्हें उन्हें अपने काम के सिलसिले में मजबूरी में लगवाना पड़ा था। जैक्सन के इस बयान ने वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर एक बार फिर नई बहस छेड़ दी है।एक मशहूर पॉडकास्ट ‘2 वर्ल्ड्स कोलाइड’ में बातचीत के दौरान जैक्सन ने अपने पिता की मौत और सेहत से जुड़े कई राज खोले। साल 2022 में थाईलैंड में 52 वर्ष की उम्र में शेन वार्न का दिल का दौरा पड़ने से अचानक निधन हो गया था। जैक्सन ने माना कि उनके पिता को पहले से कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जरूर थीं, लेकिन उनका पक्का मानना है कि वैक्सीन ने उनकी जान लेने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वैक्सीन लगने के कारण ही उनके पिता की



बीमारियां एकदम से खुलकर सामने आ गईं। जैक्सन ने बेबाकी से कहा कि उन्हें अब यह सच बोलने से किसी विवाद का डर नहीं है, क्योंकि यह एक ऐसी बात है जो उन्हें हमेशा अंदर ही अंदर परेशान करती रहती है।

**पिता की मौत की खबर सुनते ही सरकार और वैक्सीन पर फूटा था गुस्सा**

जैक्सन ने उस मनहूस दिन को याद करते हुए बताया कि जैसे ही उन्हें फोन पर पिता के निधन की मनहूस खबर मिली, तो उनका पहला रिएक्शन सरकार और कोविड वैक्सीन को ही दोष देना था। उन्होंने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि वह अपने पिता की शोक सभा में भी इस सच को दुनिया के सामने चीख-चीख कर कहना चाहते थे, लेकिन उन्होंने बड़ी मुश्किल से खुद पर काबू पाया। जैक्सन का मानना है कि अगर उन्होंने उस वक्त ऐसा किया होता, तो आज उनकी स्थिति बिल्कुल अलग होती, लेकिन उनके दिल ने हमेशा से इसी बात को सच माना है।अपने दर्द को बयां करते हुए जैक्सन ने कहा कि उस दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से बहुत से लोगों की मौत हो रही थी, लेकिन उनके डैड बिल्कुल ठीक थे। उन्होंने बताया कि शेन वार्न ने वैक्सीन की कम से कम तीन या चार डोज ली थीं।

## कोलकाता की लगातार चौथी हार, अब चेन्नई ने 32 रनों से दी मात

नईदिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 22वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रनों से हरा दिया. जहां ये केकेआर की इस सीजन लगातार चौथी हार है तो वहीं ये सीएसके की लगातार दूसरी जीत है. इस जीत के साथ चेन्नई अंक तालिका में 5 मैच में 4 पॉइंट्स के साथ 8वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि केकेआर 10वें स्थान पर ही है।

चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए. जिसमें संजू सैमसन ने 32 गेंद में 48, आयुष म्हात्रे ने 17 गेद में 38, और डेवाल्ड ब्रेविस ने 29 गेंद में 41 रनों की शानदार पारी खेली।

192 रनों के जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना सकी. जिसकी वजह से उसे 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा. एक बार फिर केकेआर के ओपनर फिन एलन और सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी फ्लॉप रहे. एलन एक रन बनाकर आउट हुए जबकि ग्रीन अपना खाता भी नहीं खोल सके. इसके अलावा रिंकू सिंह की कुछ खास नहीं कर सके और 6 रन बनाकर आउट हो गए।

केकेआर की तरफ से कप्तान रहाणे ने 22 गेंद में 28, रघुवंशी ने 19 गेंद में 27 और ओपनिंग करने आए सुनील नरेन 17 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा रोमन पावेल और रमनदीप सिंह ने 31 और 35 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी में कभी भी ये नहीं लगा कि वो मैच जीतने के लिए खेल रहे हैं. जिससे उनकी पारी की कोई अहमियत नहीं है।

## कप्तान रहाणे ने केकेआर की लगातार हार का जिम्मेदार इन खिलाड़ियों को ठहराया



नईदिल्ली,(ए.)। तीन बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स का इस सीजन खराब प्रदर्शन जारी है. अब इस टीम को पांच मैच में से चार में हार का सामना करना पड़ा है, जबकि एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जिसकी वजह से उनको एक अंक मिल गया। इस सीजन 14 अप्रैल को एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए अपने पांचवें मैच में केकेआर को चेन्नई सुपर किंग्स से 32 रनों से हार का सामना करना पड़ा. 192 रनों के लक्ष्य को केकेआर चेज नहीं कर सकी और 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 160 रन ही बना सकी। मैच के बाद केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने माना कि बैटिंग में मोमेंटम की कमी कोलकाता नाइट राइडर्स को लगातार नुकसान पहुंचा रही है. हालांकि, उन्होंने बॉलिंग यूनिट की तारीफ की, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में मुकाबले को रोमांचक बनाए रखा. टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए रहाणे ने बताया कि पावर-प्ले में मुश्किल शुरुआत के बाद भी केकेआर के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। हार के बाद केकेआर के कप्तान ने कहा, बैटिंग में कोई खास मोमेंटम नहीं था. बिल्कुल सही बात है. मुझे लगा कि बॉलिंग में हमने बहुत अच्छी वापसी की. इस विकेट पर 190 रन का स्कोर काफी अच्छा था, खासकर पावर-प्ले में जिस तरह उन्होंने 70 के करीब रन बनाए थे. उसके बाद स्कोर को 190 तक सीमित रखना हमारी बॉलिंग यूनिट का शानदार काम था। गेंदबाजों की कोशिशों के बावजूद, रहाणे ने माना कि बैटिंग यूनिट इसका फायदा नहीं उठा पाई, खासकर पावर-प्ले में, जहां केकेआर की शुरुआत काफी धीमी रही. उन्होंने कहा, मुझे लगा कि शुरुआत में हमारी बैटिंग काफी धीमी रही, पावर-प्ले में हम सिर्फ 36 या 37 रन ही बना पाए. मुझे लगता है कि यह एक अहम बात थी।

## सनराइजर्स हैदराबाद को लगा बड़ा झटका, चोटिल गेंदबाज ब्रायडन कार्स टूर्नामेंट से हुआ बाहर, दिलशान मदुशंका को मिला मौका

नईदिल्ली, (ए.)। सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2026 के बीच एक बड़ा झटका लगा है. टीम के ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स चोट के कारण एक भी मैच खेले बिना ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. टीम ने कार्स की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को टीम में शामिल करने की घोषणा भी कर दी है. कार्स को हैदराबाद ने 1 करोड़ में रिटेन किया था. जबकि मदुशंका को 75 लाख रुपये में टीम में साइन किया है।

आईपीएल ने एक बयान में कहा, सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के बाकी मैचों के लिए ब्रायडन कार्स की जगह दिलशान मदुशंका को चुना है. कार्स चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सीजन से बाहर हो गए हैं. बयान में आगे कहा गया, दिलशान मदुशंका, जो एक बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज हैं, ने श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 28 वनडे और 19 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और उनके नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 70 विकेट दर्ज हैं. वह सनराइजर्स हैदराबाद के साथ 75 लाख रुपये में जुड़ेंगे. यह श्रीलंकाई गेंदबाज इससे पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा था.मदुशंका ने आईपीएल में अब तक कोई मैच नहीं खेला है. उन्हें 2024 में मुंबई इंडियंस ने 4.6 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे.मदुशंका के आने से सनराइजर्स हैदराबाद की गेंदबाजी यूनिट और मजबूत होगी. 25 साल के यह श्रीलंकाई बाएं हाथ के तेज गेंदबाज पावर प्ले के शुरुआती ओवरों में गेंद को स्विंग कराने की अपनी काबिलियत के लिए जाने जाते हैं।

## अंक तालिका में आठवें नंबर पर पहुंची सीएसके, केकेआर अंतिम स्थान पर




मुम्बई (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मैच के बाद अंकतालिका में हल्का बदलाव आया है हालांकि शीर्ष सात टीमों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। सीएसके जीत के साथ ही अब आठवें नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं हार के कारया केकेआर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है। अंक तालिका मेंसीर्ष पर राजस्थान रॉयल्स बनी हुई है। वह पांच मैचों में से चार मैचों में जीत हासिल करने में सफल रही है। रॉयल्स अकेली टीम है जिसके 8 अंक हैं। वहीं दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स है, जिसने चार में से तीन मैच जीते हैं और एक मैच का परिणाम नहीं आया। पंजाब के 7 अंक हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) चार में से तीन मैच जीतकर 6 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद है, जिसने पांच में से दो मैच जीते हैं।पांचवें नंबर पर इस वक्त दिल्ली कैपिटल्स है, जो 4 में से 2 मैच जीती है। छठे स्थान पर गुजरात टाइटन्स है और सातवें पायदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है। दिल्ली, गुजरात और लखनऊ ने 4-4 मैच खेले हैं। 2-2 मैच उनमें से जीते हैं। दो-दो अंक इन टीमों के हैं।वहीं, 8वें स्थान पर अब चेन्नई सुपर किंग्स पहुंच गई है, जिसे केकेआर के खिलाफ मिली जीत का लाभ हुआ है। वहीं मुंबई इंडियंस 9 वें स्थान पर खिसक गई है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है, जबकि सीएसके ने पांच में से दो मैच जीते हैं। वहीं अंतिम पर केकेआर है, जो पांच में से चार मैच हारी है।

## 20 वर्षीय खिलाड़ी ने जीता कैंडिडेट्स टूर्नामेंट, अब डी गुकेश से होगा वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का खिताबी मुकाबला

नईदिल्ली,(ए.)। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने 2026 फाइड कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक राउंड बाकी रहते ही पहला स्थान पक्का कर लिया. इसके साथ ही, उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाले वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल मैच में भारत के डी गुकेश को चुनौती देने के लिए क्वालीफाई कर लिया है.साइप्रस के पेगेइया में खेले गए 13वें और आखिरी राउंड से पहले सिंदारोव ने डच ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के साथ ड्रॉ खेला. इससे उनके कुल पॉइंट 9.5 हो गए, जो दूसरे स्थान पर मौजूद खिलाड़ी से कहीं ज्यादा और निर्णायक बढ़त थी. गिरी 7.5 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि अमेरिका के फैबियानो कारुआना और चीन के वेई यी 6.5 पॉइंट के साथ उनके पीछे हैं.पुरुष वर्ग में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि, आर. प्रज्ञानंद ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत की और आखिरी राउंड में जाने से पहले वे सातवें स्थान पर हैं।

